आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.03.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. द्वीप प्रशासन ने धन्नीखाड़ी बांध सहित मुख्य जल स्रोतों में गिरते जल स्तर को देखते हुए परामर्श जारी किया है।
2. पर्यावरण एवं वन विभाग, की ओर से कल से दो दिवसीय मैंग्रोव कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।
3. अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से जाँच प्रक्रियाओं और कानूनी जागरूकता पर संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया।
4. जहाजरानी सेवा निदेशालय ने गर्मियों की छुट्टियों के लिए जहाजों के यात्रा कार्यक्रम की समय सारणी जारी की है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने धन्नीखाड़ी बांध सहित मुख्य जल स्रोतों में पानी के गिरते स्तर को देखते हुए यहां के निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सलाह जारी की है। प्रशासन ने नागरिकों से पानी का किफायती उपयोग करने का आग्रह किया है। इस वर्ष उत्तर–पूर्वी मानसून के दौरान बहुत कम बारिश हुई है। धन्नीखाड़ी क्षेत्र में पिछले 5 वर्षों में यह सबसे कम दर्ज की गई वर्षा है। प्रशासन ने पानी की आपूर्ति बढ़ाने के लिए पिछले दो वर्षों में 20.36 करोड़ रूपये के आवंटन के साथ कई परियोजनाएं शुरू की है। अगले वर्ष के लिए 30.00 करोड़ रूपये की राशि आवंटित की गई है ताकि जल संकट से निपटा जा सके। प्रशासन ने कहीं भी पाइपलाइन में रिसाव या बर्बादी दिखने पर तुरंत सहायता केंद्र, अंडमान लोक निर्माण विभाग और श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के पास सूचित करने को कहा है।

<><><><><><><>

पर्यावरण एवं वन विभाग, की ओर से कल और 22 मार्च को मेगापोड रिज़ॉर्ट में सुबह नौ बजे से दो दिवसीय मैंग्रोव कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, वन अधिकारियों, शिक्षकों और छात्रों को मैंग्रोव संरक्षण के आधुनिक रुझानों पर चर्चा की जाएगी। कार्यशाला में तटीय सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन, जैव–विविधता, पारिस्थितिकी पर्यटन, मैंग्रोव वनों को फिर से उगाने की तकनीकें और स्थानीय लोगों की भागीदारी और मैंग्रोव से जुड़े आजीविका के

अवसर शामिल किया गया है। इस अवसर पर देश और द्वीपों के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और विषय विशेषज्ञ अपने शोध पत्र और विचार प्रस्तुत करेंगे।

<><><><><><><>

विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष्य में मध्योत्तर अंडमान जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में डॉ. आर पी अस्पताल के जिला टीबी केंद्र, की ओर से  जागरूकता कार्यक्रम–सह–रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस वर्ष  का विषय 'हाँ! हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं – भारत के नेतृत्व में, जन भागीदारी की शक्ति से' रखा गया है। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट एस. कृष्ण चैतन्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जल्द पहचान, पूर्ण उपचार का पालन और सक्रिय सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने टीबी मुक्त समाज सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक जागरूकता और जन भागीदारी पर जोर दिया। रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों और स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। विजेताओं को 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस समारोह के दौरान सम्मानित और पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर पोक्काडेरा पंचायत प्रधान अर्चना देवी भी उपस्थित थी।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की आयुष शाखा की ओर से 'होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति में मेटाबॉलिक विकारों का प्रबंधन' विषय पर तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पुनरभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल समापन हो गया। अंडमान निकोबार राज्य आयुष सोसाइटी और राष्ट्रीय आयुष मिशन के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारियों और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को उन्नत प्रशिक्षण देना था। इस सत्र में देश के जाने–माने विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दीं। ANACS के परियोजना निदेशक डॉ. सुब्रतो साहा ने कहा कि देश में बढ़ते मेटाबॉलिक विकारों के प्रबंधन में होम्योपैथी अपनी चिकित्सा पद्धति के कारण महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में रोल–प्ले और केस–आधारित चर्चाओं को भी शामिल किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से अंडमान निकोबार राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण और जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के सहयोग से कल जाँच प्रक्रियाओं और कानूनी जागरूकता पर एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में द्वीपों के पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों और जाँच

अधिकारियों ने भाग लिया। सत्र का नेतृत्व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सह सचिव सम्राट रॉय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–II जयंत मुखर्जी और दक्षिण अंडमान जिला पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगथन ने किया। उन्होंने महत्वपूर्ण कानूनों और उनके बारीकियों पर विस्तार से चर्चा की, जिनमें पॉक्सो अधिनियम, NDPS अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम और जाँच प्रक्रिया शामिल हैं। न्यायाधीशों ने जाँच और अदालती कार्यवाही के दौरान आने वाली सामान्य चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने गर्मियों की छुट्टियों के लिए जहाजों के यात्रा कार्यक्रम की समय सारणी जारी की है। एम वी स्वराज द्वीप 25 अप्रैल से विशाखापत्तनम और चेन्नई के लिए नियमित सेवाएं प्रदान करेगा। मई माह में एम वी नालंदा चेन्नई और कोलकाता के लिए, जबकि जून माह में एमवी कैंपबेल बे की सेवाएं ली जाएगी। टिकटों की बुकिंग की तारीखों की घोषणा जल्द की जाएगी। यात्री विभाग के ई–पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन या स्टार्टस टिकटिंग काउंटर से टिकट बुक कर सकते हैं। यात्रा कार्यक्रम मौसम की स्थिति पर निर्भर होंगे।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी अभियान 'नई चेतना 2.0' के तहत मदर टेरेसा विलेज ऑर्गनाइजेशन ने सामुदायिक स्रोत अधिकारियों और सीडी ब्लॉक फरारगंज के सहयोग से कल होपटाउन में लैंगिक भेदभाव और लिंग आधारित हिंसा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर होपटाउन प्रधान रशीदा बीबी, सरकारी अधिकारी, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, ग्रामीण और स्कूली छात्र शामिल हुए। नई चेतना 2.0 का उद्देश्य महिलाओं और लैंगिक रूप से विविध व्यक्तियों के अधिकारों को बढ़ावा देना है। सत्र के दौरान विभिन्न विभागों के स्रोत अधिकारियों ने नशीली पदार्थों के दुरुपयोग, पॉक्सो और पॉस अधिनियम और घरेलू हिंसा विरुद्ध कानूनी प्रावधानों पर जानकारी दी। प्रधान रशीदा बीबी ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए इस आयोजन की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय, रंगत द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आंगनवाड़ी–सह–क्रेच कार्यकर्ताओं के पदों के लिए साक्षात्कार की तिथियों की घोषणा की गई है। रंगत क्षेत्र के लिए 25 मार्च सुबह दस बजे प्रमुख पंचायत समिति कार्यालय, और मायाबंदर के लिए 27 मार्च पंचायत

समिति प्रमुख के कार्यालय, में ली जाएगी। उम्मीदवारों की सूची संबंधित ग्राम पंचायतों और समाज कल्याण विभाग के पोर्टल पर जारी की गई है।

**<><><><><><><>**

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय में जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर्स के पदों के लिए आज वॉक–इन इंटरव्यू रखा गया है। साक्षात्कार सुबह साढ़े दस बजे सचिवालय के लघु सम्मेलन कक्ष में आयोजित होगा। उम्मीदवारों से अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ सुबह साढ़े नौ बजे तक उपस्थित रहने को कहा गया है। अधिक जानकारी निदेशालय के पोर्टल या प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**<><><><><><><>**